FTS - 7062

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रशासनिक कार्यालय, प्लॉट नं.-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-04, ग्रैटर नोएडा सिटी
जिला- गौतम बुद्ध नगर उ.प्र.

पत्रांक-ग्रेनो/बिल्डर्स/2019/ 1621
दिनांक 24 जनवरी, 2019

सेवा में,

अध्यक्ष
क्रेडाई वेस्टर्न यू0पी0
एच-85, द्वितीय तल, सैक्टर-63, नौएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.

विषय- ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटित बिल्डर्स आवासीय/ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों के आवंटियों को दिनांक 31.01.2019 तक अतिदेयता के रि-शिड्यूलमेंट हेतु अन्तिम अवसर दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित बिल्डर्स प्रोजेक्ट्स के आवंटियों पर लगभग रूपये 6000 करोड की अतिदेयता है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे आवंटियों, जो डिफॉल्टेड धनराशि का एकमुश्त भुगतान करने में असमर्थ हैं, के लिए प्राधिकरण की 113वीं बोर्ड बैठक दिनांक 04.12.2018 के अनुपूरक मद संख्या- 113/4 में अनुमोदित प्रस्ताव के क्रम में कार्यालय आदेश दिनांक 14.12.2018 के द्वारा रि-शिडयूलमेंट की नीति दिनांक 31.01.2019 तक लायी गयी है। इस आशय से प्राधिकरण द्वारा सभी डिफॉल्टर बिल्डर आवंटियों को दिसम्बर, 2018 में सूचित किया जा चुका है तथा प्राधिकरण की बेबसाईट पर भी अपलोड है। इसके बावजूद भी कुछ ही बिल्डर आवंटियों द्वारा रि-शिडयूलमेंट की नीति का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया गया है।

Mgr (System)

उपरोक्त के क्रम में आपको ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आवंटित ऐसे बिल्डर आवंटियों की सूची इस आशय से संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि क्रेडाई के माध्यम से आप सभी बिल्डर आवंटियों को इस आशय से सूचित करने का कष्ट करें कि वह प्राधिकरण की डिफॉल्टेड धनराशि का यथाशीघ्र भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा दिनांक 31.01.2019 तक रि-शिडयूलमेंट के लिए निर्धारित धनराशि जमा कराते हुए आवेदन कर दें। ऐसा न करने पर प्राधिकरण द्वारा डिफॉल्टेड आवंटियों के विरूद्ध विधिक प्रक्रिया अनुसार आवंटन/लीजडीड निरस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

ACEO(G)
24/1/19

भवदीय,

संलग्नक- यथोपरि।

(सोनिका)
प्रबंधक (बिल्डर्स)

प्रतिलिपि-

1. स्टाफ आफीसर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. स्टाफ आफीसर को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (जी) महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. प्रबंधक (सिस्टम) को प्राधिकरण की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/1/19
प्रबंधक (बिल्डर्स)